# मसौदा सामुदायिक ढांचा कार्यनीति

# (Draft Community Infrastructure Strategy)

## प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न

### सामुदायिक ढांचा कार्यनीति (Community Infrastructure Strategy) क्या है?

सामुदायिक ढांचा कठोर और नर्म ढाँचे को मिलाकर बना होता है। कठोर सामुदायिक ढाँचे में बिल्डिंग और खाली जगहें शामिल होती हैं, जबकि नर्म ढाँचे में कार्यक्रम, सेवाएँ और नेटवर्क शामिल होते हैं, जो इन जगहों से और प्रायः इन जगहों में घटित होते हैं।

Community Infrastructure Strategy का संबंध कठोर ढांचे से होता है जिसके लिए काउंसिल प्राथमिक रूप से ज़िम्मेदार होती है या उसे पूरा करने में भूमिका निभाती है।

### Community Infrastructure Strategy का विकास किस तरह किया गया है?

Draft Community Infrastructure Strategy वर्ष 2016 से लगातार चल रहा एक प्रोजेक्ट है, जिसकी शुरुआत मौजूदा सिटी ऑफ़ पैरामाटा (City of Parramatta) काउंसिल स्थानीय सरकारी क्षेत्र (LGA) के एकीकरण के बाद हुई। एकीकरण के बाद काउंसिल ने अपनी सामुदायिक संपत्तियों और खुली जगहों की एक व्यापक लेखा-परीक्षा की। इसकी मदद से काउंसिल मौजूदा तथा भविष्य की अनुमानित जनसंख्या, भावी उच्च विकास क्षेत्रों और मौजूदा तथा भविष्य के सामुदायिक ढांचे प्रावधान के संबंध में सामुदायिक ढांचे में अंतर की पहचान करने में समर्थ हुई।

इस जानकारी को शामिल करने वाले एक Draft Community Infrastructure Strategy को अगस्त से अक्टूबर 2017 तक सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए अनुमोदित किया गया। तब से इस कार्यनीति को अद्‌यतन किया गया है और इसके लिए 2017 की सार्वजनिक प्रदर्शन अवधि से मिले फ़ीडबैक, 2016 के जनगणना के आँकड़ों के अपडेट और विश्लेषण, विषय-वस्तु विशेषज्ञों के साथ और परामर्श और ढांचा संबंधी दृष्टिकोणों के सर्वश्रेष्ठ व्यवहारों की समीक्षा पर विचार किया गया है। अब काउंसिल संशोधित Community Infrastructure Strategy पर टिप्पणी प्राप्त करने के लिए फिर से समुदाय के पास लौट रही है।

### City of Parramatta को Community Infrastructure Strategy की ज़रूरत क्यों है?

विकास के साथ-साथ कुछ महत्वपूर्ण और रोमांचक अवसर पैदा होते हैं और हमें मालूम है कि अच्छी तरह प्रबंधित विकास से लोगों, परिवारों और पूरे समुदाय के लिए सकारात्मक परिणाम निकलते हैं।

तेज़ रफ़्तार के विकास को अगर हमारे जीवन को सहारा देने वाले ज़रूरी सामुदायिक ढाँचे का पूरा समर्थन मिले तो उससे ज़रूरी

सेवाओं और मूलभूत ढांचे तक लोगों की पहुँच में उल्लेखनीय सुधार आ सकता है, जिसकी ज़रूरत उन्हें अपने जीवन को अच्छी तरह से जीने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने के लिए होती है। हमारे पड़ोस में अच्छी गुणवत्ता वाले सामुदायिक ढांचे की उपलब्धता सुनिश्चित करके लोगों में समुदाय के प्रति लगाव और अपनेपन की भावना को मज़बूत किया जा सकता है।

इस कार्यनीति का उद्देश्य हमारे मौजूदा और भावी समुदायों की आधारभूत ढांचे से जुड़ी ज़रूरतों की साफ़ तौर पर पहचान करके उन्हें पूरा करना है।

## City of Parramatta काउंसिल जनसंख्या में बढ़ोतरी को किस प्रकार समायोजित कर रही है?

City of Parramatta LGA बढ़ती जनसंख्या और Sydney का दूसरा महानगरीय शहर बनने के लिए Parramatta में प्रमुख निवेश की वजह से उल्लेखनीय विकास के दौर से गुज़र रही है। City of Parramatta में कई नियोजित परिसर उच्च-स्तरीय विकास के लिए पूरी तरह से तैयार हैं ताकि जनसंख्या में अनुमानित बढ़ोतरी को समायोजित किया जा सके। NSW सरकार इन नियोजित परिसरों का संचालन कर रही है। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- Camellia
- Carter Street (Lidcombe)
- Epping
- Granville (Parramatta Rd)
- Parramatta North
- Sydney Olympic Park
- Telopea
- Wentworth Point
- Westmead

हालाँकि NSW सरकार इन उपनगरों में विकास का निर्देशन कर रही है, लेकिन हर एक परिसर में विकास के प्रबंधन के लिए काउंसिल ही ज़िम्मेदार है।

इसके अतिरिक्त काउंसिल दूसरे क्षेत्रों में भी विकास का प्रबंधन कर रही है जहाँ शहरी नवीनीकरण हो रहा है, जैसे कि Rydalmere, Melrose Park और Parramatta CBD। शहरी नवीनीकरण के ये नियोजित परिसर और क्षेत्र 'उच्च विकास वाले क्षेत्र' कहलाते हैं।

## आपने सामुदायिक ढांचे के लिए योजना बनाने के लिए किन मानदंडों का इस्तेमाल किया है?

यह दस्तावेज़ विभिन्न औद्योगिक स्रोतों और दूसरी प्रमुख काउंसिलों के मानदंड लागू करने के साथ-साथ काउंसिल के अपने शोध के निष्कर्षों को भी लागू करता है ताकि एक अनुशंसित स्तर के सामुदायिक ढांचे के प्रावधान को विकसित और लागू कर सके।

इस कार्यनीति में इस्तेमाल किए गए मानदंडों के बारे में अधिक जानकारी के लिए इस दस्तावेज़ के पृष्ठ 56 से 59 तक देखें।

## मेरे क्षेत्र के लिए जिस सामुदायिक ढांचे की योजना बनाई जा रही है, मैं उसके बारे में जानकारी कैसे हासिल कर सकता/सकती हूँ?

इस दस्तावेज़ के अंतिम भाग में पृष्ठ 538 से पूरे City of Parramatta के लिए बारह उच्च विकास वाले क्षेत्रों के लिए सामुदायिक ढांचा अनुशंसाओं का उल्लेख किया गया है। हालाँकि LGA के अंदर सभी उपनगर उच्च विकास वाले क्षेत्र नहीं माने जाते, लेकिन यह संभव है कि आप इनमें से किसी एक क्षेत्र में या उसके पास रहते हों। अगर आप किसी भी उच्च विकास वाले क्षेत्र में या उसके पास नहीं रहते हैं, तो भी संभव है कि आपके आसपास सामुदायिक ढांचे में सुधारों के लिए भी योजनाएं बनाई गई हों। आप संपत्ति अध्यायों की समीक्षा करके यह देख सकते हैं कि आपके उपनगर में या उसके आसपास के लिए सामुदायिक ढांचे की योजना बनाई गई है या नहीं।

## क्या काउंसिल किसी खाली जगह या सामुदायिक ढांचे की बिक्री करेगी?

Draft Community Infrastructure Strategy योजना काउंसिल की संपत्तियों को बेचने के लिए नहीं बनाई गई है।

इस मसौदा कार्यनीति का लक्ष्य City of Parramatta LGA के हर क्षेत्र में सामुदायिक ढांचे की पहुँच, गुणवत्ता और उपलब्धता को बेहतर करना है ताकि हमारे मौजूदा तथा भावी जनसंख्या को सहारा दिया जा सके।

City of Parramatta LGA में उपलब्ध ज़मीन की कमी है, जिसके फलस्वरूप काउंसिल ऐसे अभिनव समाधानों को ध्यान में ले सकती है जिनमें भूमि विनिमय, किसी भूमि पार्सल या संपत्ति को बेचकर दूसरा खरीदने के लिए धन का प्रबंध करना, या सरकार या निजी सेक्टर के साथ साझेदारी के माध्यम से सामुदायिक ढांचे के लिए ज़मीन हासिल करना शामिल है।

काउंसिल सामुदायिक ढांचे के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। हमारा समुदाय यह अपेक्षा कर सकता है कि पूरी प्रक्रिया के दौरान किसी भी अपेक्षित बदलाव की सूचना उसे अग्रिम रूप से दी जाएगी, साथ ही उससे शीघ्र तथा नियमित रूप से सलाह ली जाएगी।

## ऐसा लगता है कि मेरे पड़ोस ने नए ढांचे को शामिल नहीं किया है: ऐसा क्यों है?

City of Parramatta के हर क्षेत्र में जनसंख्या उल्लेखनीय रूप से नहीं बढ़ रही है। उदाहरण के लिए, हमारे स्थानीय सरकारी क्षेत्र के कुछ निम्नतर घनत्व वाले भाग जैसे कि Winston Hills में उल्लेखनीय बदलाव नहीं होने वाले हैं।

हम जानते हैं कि LGA के कुछ जगहों में ढांचे की मौजूदा प्रावधान समुदाय की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए काफी नहीं है, लेकिन दूसरी जगहों में मौजूदा जनसंख्या स्तरों में पहले से ही अंतर है। मसौदा कार्यनीति का अभिप्राय उन जगहों में सामुदायिक ढांचे के प्रावधान को उन्नत करना और/या बढ़ाने को प्राथमिकता देना है जहाँ उच्च विकास हो रहा है और ऐसा उन समुदायों के लिए करना है जिन्हें सबसे ज़्यादा ज़रूरत है।

## काउंसिल इस कार्यनीति में पहचाने गए ढांचे का निर्माण कब करेगी?

Draft Community Infrastructure Strategy में दी गई सभी सिफारिशों को अगले 20 वर्षों के दौरान लागू किए जाने की परिकल्पना है। कुछ प्रोजेक्ट छोटे हैं और उन्हें पूरा करना आसान है; दूसरे प्रोजेक्ट बड़े हैं और उन्हें शुरू करने से पहले उनके लिए डेवलपर से योगदान इकट्ठा करने तथा महत्वपूर्ण नियोजन और सलाह करने की ज़रूरत है।

सामुदायिक ढांचा कार्यनीति में उल्लिखित प्रत्येक प्रकार की सुविधा के लिए Community Infrastructure Strategy में लिखे गए सुविस्तृतविस्तृत क्रियान्वयन योजनाएँ बनाने का काम अभी भी बाकी है। क्रियान्वयन योजनाएँ मसौदा कार्यनीति में बताई गई सिफारिशों को पूरा करने की समय-सीमाओं और लागतों के बारे में अधिक विवरण प्रदान करेंगी।

## काउंसिल इस कार्यनीति में पहचाने गए ढांचे के लिए फंड की व्यवस्था कैसे करेगा?

Draft Community Infrastructure Strategy में दी गई सिफारिशों के लिए फंड की व्यवस्था करने के लिए कई निधि स्रोतों की ज़रूरत होगी। इस मसौदा कार्यनीति में पहचानी गई मदों के लिए फंड की व्यवस्था करने के लिए इस दस्तावेज़ के पृष्ठ 72 में काउंसिल की योजना संक्षेप में बताई गई है।

## क्या मैं कोई निवेदन कर सकता/सकती हूँ?

मसौदा CIS पर सोमवार, 11 नवंबर, 2019 तक निवेदनस्वीकार किए जाएँगे। पत्र, ईमेल या ऑनलाइन निवेदन फॉर्म से निवेदन करने के तरीके के ब्योरे के लिए https://oursay.org/cityofparramatta/draftcis का "अपना फ़ीडबैक दें' भाग देखें।

## सार्वजानिक प्रदर्शनी के बाद क्या होगा?

11 नवंबर, 2019 को प्रदर्शनी समाप्त होने के बाद प्राप्त फ़ीडबैक की समीक्षा की जाएगी और एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिस पर काउंसिल विचार करेगी, जो कि फरवरी 2020 में अपेक्षित है। रिपोर्ट में संक्षेप में समुदाय का फीडबैक दर्शाया जाएगा और फ़िडबैक के फलस्वरूप मसौदा कार्यनीति में जो बदलाव किए जाने चाहिए उनकी पहचान की जाएगी तथा काउंसिल से अनुमोदन की माँग की जाएगी।

## मुझे और अधिक जानकारी कहाँ मिल सकती है?

काउंसिल के **अपनी बात कहें (Have Your Say)** वेबपेज में Draft Community Infrastructure Strategy योजना के बारे में जानकारी दी गई है। आप यहाँ भी ऑनलाइन सर्वे पूरा कर सकते हैं: https://oursay.org/cityofparramatta/draftlsps

अक्टूबर में ड्रॉप-इन सेशन की एक श्रृंखला प्रस्तावित है। इन सेशन में समुदाय के सदस्य अनुसूचित सेशन के दौरान किसी भी समय आ सकते हैं और प्रोजेक्ट पर चर्चा कर सकते हैं तथा प्रोजेक्ट के बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं। ड्रॉप-इन के विवरण ऊपर दिए गए वेब लिंक पर उपलब्ध हैं।